

**Dr. Manoj Jain**
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस

PATWAR

HIGH COURT

रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF

BANK

SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS

शिक्षक
Ist ग्रेड

REET
I, II Level



# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

**11 September 2022**


डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

**काव्य क्लासेज®**

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 11 सितंबर का इतिहास

- **1803 :** द्वितीय आंग्ल-मराठा युद्ध के अंतर्गत दिल्ली लड़ाई की शुरूआत की गई थी।
- **1906 :** महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह आंदोलन आरंभ किया।
- **1961 :** विश्व वन्यजीव कोष की स्थापना हुई।
- **1965 :** भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए दक्षिण पूर्वी लाहौर के निकट बुर्की शहर पर कब्जा कर लिया था।

## 11 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- दिसंबर 2022 तक विभिन्न राज्यों के नॉन-बैकिंग एरिया में सरकारी बैंक लगभग 300 फिजिकल ब्रांच खोलने जा रही है। यह नई शाखाएं 3000 से अधिक आबादी वाले सभी शेष गांवों को कवर करेंगी जिनके पास वित्तीय संस्थान नहीं है। इन 300 नई शाखाओं में से सबसे अधिक पीएसयू बैंक राजस्थान में 95, मध्यप्रदेश में 54, गुजरात में 38, महाराष्ट्र में 33, झारखंड में 32 और उत्तर प्रदेश में 31 शाखाएं खोली जाएगी। बैकों को संबंधित राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी द्वारा दिसंबर 2022 तक आवंटित स्थानों पर शाखाएं खोलने का निर्देश दिया गया हैं। एजेंसी ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा इस साल के अंत तक 76 शाखाएं खोलेगा।
- सरकार एक नया मॉडल जेल अधिनियम लाने की योजना बना रही है। सरकार अगले छह महीने में मौजूदा कानून में संशोधन कर नया मॉडल जेल अधिनियम लाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्य सरकारों से 2016 में लाए गए मॉडल जेल मैनुअल को अपनाने का आग्रह किया। नया जेल मैनुअल जेल के अंदर गिरोहों को नियंत्रित करने से भी निपटेगा। मॉडल जेल मैनुअल 2016 का उद्देश्य जेलों के प्रशासन को नियंत्रित करने वाले कानूनों, नियमों और विनियमों में एकरूपता लाना है।
- उत्तर प्रदेश 9.12 मिलियन मामलों के साथ, डिजिटल इंडिया मिशन के तहत केंद्र सरकार द्वारा प्रबंधित ई-अभियोजन पोर्टल के माध्यम से मामलों के निपटान और प्रविष्टि की संख्या में शीर्ष पर है। अगस्त के अंत तक के आंकड़ों के अनुसार मध्यप्रदेश 2.31 मिलियन के साथ दूसरे स्थान पर, बिहार 859,000 के साथ, गुजरात 4,87,000 के साथ और छत्तीसगढ़ 383000 मामलों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।
- भारत की पहली इंट्रानैसल कोविड वैक्सीन के इमरजेंसी इस्तेमाल को ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने मंजूरी दे दी। यह मंजूरी 18 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए संक्रमण के खिलाफ प्राथमिक टीकाकरण के रूप में उपयोग के लिये दी गई है। भारत बायोटेक द्वारा निर्मित इस वैक्सीन का नाम iNCOVACC है। यह भारत का कोविड-19 वायरस के लिए पहला नाक से दिया जाने वाला टीका होगा।
- श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा कि इस सप्ताह संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के सत्र में श्रीलंका अपनी मानवाधिकार जवाबदेही पर एक नए प्रस्ताव विशेष रूप से एक बाहरी तंत्र का विरोध करेगा। साबरी ने जिनेवा में 12 सितंबर से 7 अक्टूबर तक संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 51वें सत्र के आयोजन पर टिप्पणी करते हुए कहा कि न्याय मंत्री विजेदास राजपक्षे सत्रों में सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- उत्तराखंड की उच्च शिक्षा में व्यापक सुधार के लिए समर्थ ई-गवर्नेंस पोर्टल का शुभारंभ हो गया। राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धनसिंह रावत ने इसकी शुरूआत करते हुए कहा कि इससे राज्य की उच्च शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि साथ ही छात्र-छात्राओं को क्वालिटी एजुकेशन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा में टीचर शेयरिंग फार्मेट लागू किया जाएगा जिसके तहत देशभर के निजी एवं राजकीय विश्वविद्यालयों के मध्य अनुबंध किया जाएगा।
- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक अधिसूचना के माध्यम से मोटर व्हीकल नॉन ट्रांसपोर्ट व्हीकल विजिटिंग इंडिया नियम 2022 जारी किए है। ये नियम भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने पर अन्य देशों में पंजीकृत गैर-परिवहन वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करेंगे। नए नियमों के अनुसार वाहन को अपने प्रवास के दौरान पंजीकरण प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस या अंतर्राष्ट्रीय ड्राइविंग परमिट, वैध बीमा पॉलिसी और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र रखना होगा।
- केंद्र की प्रमुख योजना पोषण अभियान को लागू करने में बड़े राज्यों में महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश और गुजरात अव्वल रहे हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, छोटे राज्यों में बेहतर प्रदर्शन करने वालों में सिक्किम सबसे आगे है।
- इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 17 ओबीसी उप-जातियों को अनुसूचित जाति के रूप में नामित करने से संबंधित यूपी सरकार के दो आदेशों को रद्द कर दिया।
- छह साल की अनिष्का बियानी ने कुआलालंपुर में मलेशिया आयु वर्ग रेपिड शतरंज चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 नई दिल्ली में कब से कब तक आयोजित किया जा रहा है ?**

(A) 6 सितंबर से 25 सितंबर तक
(B) 9 सितंबर से 2 अक्टूबर तक
(C) 6 सितंबर से 13 अक्टूबर तक
(D) 16 अक्टूबर से 20 नवंबर तक

**(C)** सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 शुरू हो गया है। यह नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इसका पहला मैच एनसीसी और चंड़ीगढ़ के बीच रखा गया। इन खेलों का आयोजन 6 सितंबर से 13 अक्टूअर तक दिल्ली में चार अलग-अलग स्थानों पर किया जाएगा। इस साल 25 राज्यों व केंद शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले कुल 92 स्कूलों ने तीनों श्रेणियों में क्वालीफाई किया है।



**2. हाल ही में किस बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए नई एसएमएस बैंकिंग सुविधा खोली?**

(A) ICICI बैंक
(B) बैंक ऑफ बड़ौदा
(C) HDFC बैंक
(D) भारतीय रिजर्व बैंक

**(C)** HDFC बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए एक नई सुविधा की शुरूआत की है। इस सुविधा की मदद से ग्राहक घर बैठे बिना इंटरनेट के कई बैंकिंग कार्य कर सकते है और अपना समय बचा सकते हैं। नई SMS सुविधा का इस्तेमाल 24/7 x 365 दिन कर सकते है। बैंक के अनुसार इस सुविधा के तहत बैंक बैलेंस की जानकारी लोन के लिए अप्लाई, क्रेडिट कार्ड को मैनेज करना, चेकबुक प्राप्त करना जैसी कई चीजों का लाभ उठाया जा सकता है।



**3. कर्नाटक सरकार की पुण्यकोटि दत्तू योजना के नए ब्रांड एंबेसडर कौन बने है ?**

(A) किच्चा सुदीप
(B) विराट कोहली
(C) अमिताभ बच्चन
(D) जसप्रीत बुमराह

**(A)** कर्नाटक के पशुपालन विभाग ने कन्नड़ अभिनेता किच्चा सुदीप को पुण्यकोटि दत्तू योजना के ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया गया है। यह योजना गाय गोद लेने के बारे में जागरूकता पैदा करने और राज्य भर में गोशाला स्थापित करने के लिए कर्नाटक सरकार की प्रमुख पहल है।




**4. हाल ही में किस राज्य को 29वां जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी बना है ?**

(A) कर्नाटक
(B) छत्तीसगढ़
(C) तमिलनाडु
(D) केरल

**(B)** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के 29 वें जिले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनांद गांव इतना बड़ा जिला था कि अंतिम कोने में रह रहे व्यक्ति को जिला मुख्यालय पहुंचने में शाम हो जाती थी, लेकिन अब यह सारी दिक्कत दूर हो गई।



**5. हाल ही में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने किस राज्य में चुनार लॉजिस्टिक्स पार्क की आधारशिला रखी ?**

(A) उत्तर प्रदेश
(B) मध्यप्रदेश
(C) ओडिशा
(D) कर्नाटक

**(A)** चुनार लॉजिस्टिक्स पार्क से चुनार क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रारंभ में लगभग 400 कंटेनरों के लिए एक सुविधा विकसित की जाएगी और कार्गो के भंडारण और संचालन के लिए 2000 वर्ग मीटर का गोदाम बनाया जाएगा। लॉजिस्टिक्स पार्क का चरणबद्ध तरीके से विस्तार किया जाएगा। यह स्थानीय लोगो के लिए रोजगार पैदा करेगा और पूर्वी यूपी और आसपास के क्षेत्रों की व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करेगा।

**6. कौनसा देश 2029 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा?**

(A) भारत (B) जापान
(C) अमेरिका (D) ब्रिटेन

**(A)** भारत की अर्थव्यवस्था यूनाइटेड किंगडम को पछाड़कर अब दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। इन्हीं बदलावों के साथ मौजूदा विकास दर के हिसाब से भारत 2027 में जर्मनी और 2029 तक जापान से बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह सभी बातें एसबीआई द्वारा जारी एक रिसर्च रिपोर्ट में कही गई है।




**7. अगस्त 2022 में शिकायत निवारण रैंकिंग में सबसे आगे कौन रहा ?**

(A) वित्त मंत्रालय (B) भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण
(C) CBI (D) कपड़ा मंत्रालय

**(B)** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण अगस्त 2022 के लिए प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG) द्वारा प्रकाशित रैंकिंग रिपोर्ट में लोक शिकायतों का निवारण करने के मामले में सभी मंत्रालयों/विभागों में शीर्ष पर रहा है।




**8. किस भारतीय को नेपाल सेना के जनरल मानद पद से सम्मानित किया गया है ?**

(A) संजीव कपूर (भारतीय वायु सेना के महानिदेशक)
(B) S L थाओसेन (SSB के महानिदेशक)
(C) B S राजू (भारतीय थल सेना उपाध्यक्ष)
(D) मनोज पांडे (भारतीय थल सेना के प्रमुख)

**(D)** नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को नेपाली सेना के जनरल की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। नेपाल और भारत के थल सेना प्रमुखों द्वारा एक-दूसरे के देश की यात्राएं करने और एक-दूसरे देश के थल सेना प्रमुखों को मानद जनरल की उपाधि प्रदान करने की लंबी परंपरा रही है, यह परंपरा 1950 में शुरू हुई थी।



**9. नेटफ्लिक्स की वृतचित्र श्रृंखला अवर ग्रेट नेशनल पार्क्स में आवाज देने के लिए सर्वश्रेष्ठ नैरेटर का EMMY पुरस्कार 2022 किसे प्रदान किया गया है ?**

(A) बराक ओबामा (अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति)
(B) शिंजो आबे (जापान ने पूर्व प्रधानमंत्री)
(C) जो बाइडेन (अमेरिका के राष्ट्रपति)
(D) वोलोडिमिर जेलेंस्की (यूक्रेन के राष्ट्रपति)

**(A)** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को नेटफ्लिक्स की वृत्तचित्र श्रृंखला अवर ग्रेट नेशनल पार्क्स में आवाज देने के सर्वश्रेष्ठ नैरेटर का एमी पुरस्कार प्रदान किया गया है। पांच हिस्सों में विभाजित इस डॉक्यूमेंट्री में दुनिया के प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों को दिखाया गया है।



**10. तरलीकृत प्राकृतिक गैस पर केंद्रित दुनिया का सबसे बड़ा सम्मेलन गैसटेक मिलान 2022 कहाँ आयोजित हुआ है ?**

(A) ब्रुसेल्स (बेल्जियम) (B) मिलान (इटली)
(C) हैलिफैक्स (कनाडा) (D) बर्लिन (जर्मनी)

**(B)** गैसटेक मिलान 2022 कम कार्बन उत्सर्जन वाले ईंधन, एलएनजी पर केंद्रित गैसटेक दुनिया का सबसे बड़ा सम्मेलन है। इस सम्मेलन में विभिन्न देशों के मंत्री उभरते ऊर्जा परिदृश्य पर चर्चा करेंगे और वर्तमान ऊर्जा स्त्रोतों के स्थान पर न्यायोचित ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाने के लिए आगे का मार्ग तय करेंगे।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज